हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर, 2025

12 एचएसईबी वर्कर यूनियन ने किया प्रदर्शन



12 सेरला गांव में सजा खेल और शिक्षा का महाकुंभ



**खबर संक्षेप**

### निरंकारी संत समागम का आयोजन आज

**भिवानी।** शनिवार 13 दिसम्बर को हांसी गेट पर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन भिवानी में विशाल जिला स्तरीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसका समय दिन में 10:30 से 1 बजे तक होगा। यह कार्यक्रम संत निरंकारी मिशन दिल्ली से महान विद्वान प्रचारक महात्मा पूज्य लाल जी के पावन सानिध्य में होगा। सत्संग समाप्ति के बाद लंगर प्रसाद का वितरण होगा। भिवानी जोन के जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने समस्त प्रभु प्रेमी सज्जनों से निवेदन किया है कि सभी इस समागम में पहुंचकर आशीर्वाद के पात्र बनें।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, किया जागरूक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में आम जनमानस को सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से पीएलवी (अधिकार मित्र) प्रीति धानिया ने शुक्रवार को भिवानी कोर्ट परिसर में एक विशेष जागरुकता अभियान चलाया। कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर प्रीति धानिया ने उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर पीएलवी सुरेश कुमार कलिंगा व प्रवेश रानी तालु भी साथ रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की

**भिवानी।** जगदीप सिंह, सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला ने वर्ष 2025 की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। यह समीक्षा पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश और हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यकारी चेयरपर्सन, न्यायमूर्ति लिसा गिल न्यायाधीश, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मार्गदर्शन में की गई। जगदीप सिंह ने सभी हितधारकों को लंबित मामलों के अधिकतम संभव समाधान सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 15 को

**भिवानी।** रोजगार विभाग द्वारा जिला रोजगार कार्यालय में 15 दिसंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। एसआईएस सिक्योरिटी, महेन्द्रा जैपटो लॉजिस्टिक आदि कंपनियां भाग लेंगी। उक्त कंपनियां सुरक्षा अधिकारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर, स्कैनर, पिकर, क्वालिटी चेकर तथा अनस्किल्ड जैसे पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित करेंगी। मासिक वेतन 15,000 से 25,000 रुपये तक प्रदान किया जाएगा, इसके अतिरिक्त ईएसआईसी, पीएफ, एलडब्लूएफ ओवरटाइम, नाइट शिफ्ट एवं बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

**स्वच्छ भिवानी के लिए पहल : वार्ड 19, 20 व 21 को जोड़ने वाली सड़क पर चला सामूहिक सफाई अभियान**

# सफाई कर्मियों को मिला जनता का साथ, 3 घंटे में 20 ट्रॉली कचरा उठा चमकाया वार्ड

*नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने लोगों से मांगे सेल्फी प्वाइंट के लिए सुझाव*

*हर वार्ड में टीम बनाकर विशेष सफाई अभियान चलेगा, मेरा वार्ड सबसे सुंदर प्रतियोगिता होगी*

**हर वार्ड में खुले दरबार लगाकर भी कर रहे समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर ग्वार फैक्ट्री के पीछे सड़क किनारे पड़ी मिट्टी व कचरा उठाने का अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड के लोगों ने भी सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर सड़क किनारे सफाई करवाई।

करीब तीन घंटे में सड़क किनारे पड़ी करीब 20 ट्रॉली मिट्टी को इकट्ठा किया और ट्रैक्टर ट्राली में लोड करवाया।



**भिवानी।** मुख्य सड़क के साथ सफाई अभियान चलाते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

साथ ही इस मार्ग पर कई जगहों पर पड़े कचरे को भी उठवाकर ट्रैक्टर ट्राली में डलवाया। इस मौके पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि विगत में बंसीलाल पार्क में भी इसी तरह अभियान चलाया था। आज वार्ड संख्या 19, 20 तथा 21 को जोड़ने वाली सड़क पर सफाई अभियान चलाया है। अन्य वार्डों में शहर के लोगों के सहयोग से इसी तरह अभियान चलाए जाएंगे। इसके लिए हर वार्ड में एक-एक टीम का गठन भी किया जाएगा ताकि शहर को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाया जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में खुले दरबार लगाए जाने तथा इस तरह के अभियान चलाए जाने के बाद मेरा वार्ड सबसे सुंदर प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। इस मौके पर पार्षद शिवकुमार गोठवाल, रोहतास वर्मा, अशोक, सुरेंद्र, बिट्टू सिंह, ममता कुमारी के अलावा अनेक महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

**लोगों से पूछा-कहां लगते हैं कचरे के ढेर**

सफाई अभियान पूरा होने के बाद नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने वहां पर मौजूद लोगों से सेल्फी प्वाइंट के लिए सुझाव मांगे। साथ ही यह भी जानकारी ली कि किस इलाके में सबसे ज्यादा कचरा है या कोई अवैध कचरा प्वाइंट है तो उस बारे में बताया जाए ताकि उन जगहों को साफ करवाकर वॉल पेंटिंग या सेल्फी प्वाइंट तैयार करवाया जा सके। इससे शहर की सफाई भी होगी और स्वच्छता को पंख लग जाएंगे।

**भवानी प्रताप सिंह ने उठाई झाड़ू**

सुबह नौ बजे नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ग्वार फैक्ट्री के पीछे वाली सड़क पर पहुंच गए। उनको सूचना मिली थी कि उक्त सड़क किनारे पर मिट्टी पड़ी है। वाहनों के आवागमन की वजह से धूल उठकर लोगों के घरों तक पहुंच रही है। उसी मिट्टी को उठवाने के लिए चेयरपर्सन प्रतिनिधि खुद व सफाई कर्मचारियों को भी साथ ले गए और वे मिट्टी इकट्ठी करने में जुट गए। चेयरपर्सन भवानी प्रताप सिंह को सफाई करता देखकर वार्ड के पार्षद व अन्य लोग भी पहुंच गए। सभी ने झाड़ू उठा ली और करीब तीन घंटे तक सफाई अभियान चलाकर उक्त सड़क से 20 ट्राली मिट्टी को इकट्ठा किया।

**हर शहरवासी के सुझावों पर किए जाएंगे कार्य : भवानी प्रताप सिंह**

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि स्वच्छता के मामले में शहर को लोगों के सहयोग से ही अव्वल बनाया जा सकता है। अब लोगों के सहयोग से नप हर वार्ड में इस तरह से सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाएगी। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में एक एक टीम का गठन भी किया जाएगा। सफाई को लेकर लोगों से सुझाव मांगे जाएंगे और सेल्फी प्वाइंट बनाने के लिए भी लोगों से बातचीत की जाएगी ताकि शहर को साफ-सुथरा बनाया जा सके।

# 17 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त सहित कैंटर चालक गिरफ्तार

- डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के सहायक उप-निरीक्षक जसवंत सिंह ने अपनी टीम के साथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने नाकाबंदी के दौरान एक कैंटर चालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के सहायक उप-निरीक्षक जसवंत सिंह अपनी टीम के साथ भिवानी-दादरी रोड, गांव नीमड़ीवाली के पास गश्त एवं पड़ताल ड्यूटी के दौरान मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति आईसर कैंटर में डोडा पोस्त लेकर भिवानी की ओर आ रहा है।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

**सीट के पीछे थे कट्टे**

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टोल प्लाजा कितलाना से पहले नाकाबंदी की और संदिग्ध आईसर कैंटर को रोककर उसकी नियम अनुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान ड्राइवर सीट के पीछे रखे एक कट्टे तथा कंडक्टर सीट के पीछे रखे एक कट्टे से कुल 17 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज सिंह पुत्र मानसिंह निवासी प्रहलादगढ़ जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### पूर्व नायब सूबेदार से महिला ने ठगे 15 लाख

**लोहारू।** उपमंडल के गांव गोठड़ा निवासी भारतीय सेना के पूर्व नायब सूबेदार रणबीर सिंह के साथ एक महिला और उसके सहयोगी द्वारा झांसा देकर व झूठे मुकदमे में फंसाने का डर दिखाकर लाखों रुपयों की राशि ऐंठने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को रणवीर सिंह ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने उससे 50 हजार रुपये उधार लिए थे तथा राशि उधार देने के कुछ दिनों बाद वह गोठड़ा गांव से राजस्थान के निकटवर्ती गांव जीणी में रहने लगी। कुछ दिनों बाद ही महिला ने एक युवती के सुसाइड की बात कहकर उसे डरा दिया और उसे केस में फंसाने का डर दिखाकर रुपये ऐंठने लगी। महिला और उसके सहयोगी द्वारा पीड़ित व्यक्ति से 15 लाख से अधिक की राशि ऐंठ ली गई।

### उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक

- रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल और स्ट्रीट लाइट की नियमित हो जांच

# गड्ढों को जल्द भरवाएं, सड़क पर सफेद पट्टी भी लगवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चरखी दादरी

सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे, लोक निर्माण विभाग, मार्केटिंग बोर्ड, सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने संबंधित सड़क मार्गों पर बने गड्ढे को शीघ्र दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़कों के किनारे खड़ी झांडियों को भी काटा जाए। इसके अलावा जिला में ब्लैक स्पॉट क्षेत्र में यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के अधिक से अधिक चालान किए जाएं। उपायुक्त डॉ. नागपाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेचवर्क कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाए और पेचवर्क कार्य मजबूती के साथ किए जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर अस्थायी मरम्मत की गई है, उन सभी को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर स्थायी मरम्मत सुनिश्चित की जाए ताकि सड़क यातायात सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या उत्पन्न न हो।

**स्कूल बसों के ड्राइवरों की आंखें जांचीं**

इस दौरान आरटीए सचिव मनोज कुमार ने रोड सेफ्टी के बारे में समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने वालों के चालान कर जुर्माना लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल बसों के ड्राइवर की आंखों की जांच के लिए समय समय पर कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन भी समय समय पर किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी, डीएसपी रमेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र, कार्यकारी अभियंता गुरूचरण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या में फरार 5 हजार के इनामी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

**गोली मारकर हत्या के मामले में आरोपी को यूपी से पकड़कर लाए**

पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विगत में एक महिला द्वारा थाना तोशाम पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसमें बताया गया कि उसके पति सुरेंद्र सिंह निवासी ईशरवाल की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। शिकायत के आधार पर थाना तोशाम में अभियोग दर्ज किया गया था।

पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही जांच एवं तकनीकी निगरानी के आधार पर 11 दिसम्बर को सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप-निरीक्षक सुभाष के नेतृत्व में हत्या के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुकरपाल पुत्र यशपाल निवासी फाजलपुर, थाना मिनोली, जिला बागपत के रूप में हुई है।

# सब इंस्पेक्टर बना मजदूर का बेटा

- बापौड़ा के शिवकांत कौशिक बने युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

अभावों से लड़कर गांव बापोड़ा के एक मजदूर परिवार का लड़का शिवकांत कौशिक भारतीय तिब्बत पुलिस बल में सब इंस्पेक्टर के पद पर झांसी में तैनात हुआ है। यही नहीं शिवकांत एचटेट गणित विषय में पात्रता पास और सीईटी पास भी है। एक समय था जब फिजिकल भर्ती की तैयारी के दौरान 200 ग्राम दूध की भी व्यवस्था नहीं थी। पिता गोरधन दास एक पाइप फैक्टरी में मजदूरी करके बड़े मुश्किल से परिवार का गुजारा कर पाते।



**भिवानी।** शिवकांत कौशिक को स्टार लगाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

शिवकांत कौशिक ने जिम्मेदारी समझते हुए अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में 6 हजार रुपये मासिक पर पढ़ाना शुरू किया। बड़ी मेहनत कर एमएससी मैथ और बीएड की। इस दौरान पिता को गले का कैंसर हो गया। इस सब चुनौतियों के बीच पढ़ाई और घर की जिम्मेदारी संभाली। टीचर बनने का सपना अचानक बीच में रोककर शिवकांत ने भारतीय तिब्बत पुलिस बल में सब इंस्पेक्टर की परीक्षा पास की।

# 1.81 करोड़ से सुधरेंगे रोज गार्डन के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने दादरी के रोज गार्डन के 1.81 करोड़ की लागत से होने वाले नवीनीकरण का शुभारंभ किया। विधायक ने नगर परिषद चेयरमैन बक्शी सैनी व अधिकारियों के साथ पार्क का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को पार्क में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के सुझाव भी दिए।

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि करीब 1.81 करोड़ की लागत से रोज गार्डन का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार किया जाएगा। पार्क की जर्जर सड़क के साथ ही पौधरोपण को दुरुस्त कराया जाएगा। वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनेगा ताकि बारिश के दिनों में पार्क में पानी का भराव न हो सके। वहीं नया ट्रैक, नए झूले व नए फव्वारे लगाए जाएंगे। हाईमास्ट लाइटों से पार्क को जगमग किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन बक्शी सैनी, वाइस चेयरमैन संदीप फोगाट, पार्षद विनोद वाल्मीकि, नवीन प्रजापत, विक्रम श्योराण, कुलदीप सैनी, नितिन बंसल, अन्नू रान व प्रवीन सैनी सहित नगर परिषद के अधिकारी मौजूद रहे।

**तिगड़ाना स्कूल में स्व. ठाकुर तेजपाल सिंह की स्मृति में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन**

# प्रतिभा खोज कार्यक्रम में जांचा बच्चों का ज्ञान

- प्रतियोगिता में शहीद ओपी दलाल टीम ने मारी बाजी, विधायक के भाई ने बांटे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी स्थित शहीद वीर सिंह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वर्गीय ठाकुर तेजपाल सिंह की स्मृति में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीसरी से लेकर पांचवीं तक के विद्यार्थियों के ज्ञान का स्तर जांचा। साथ ही उनको देश व प्रदेश से संबंधित रूचिकर जानकारी भी दी गई। आयोजित प्रतियोगिता में शहीद ओपी दलाल टीम ने सबसे ज्यादा सवालों के जवाब देकर पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह शहीद बीर सिंह टीम दूसरे तथा शहीद प्रताप सिंह टीम तीसरे स्थान पर रही। तीनों शहीदों में एक शहीद गांव घुसकानी तथा दो शहीद गांव तिगड़ाना से थे। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली तीनों टीम राजकीय मॉडल संस्कृति कन्या प्राथमिक पाठशाला के बच्चों की ही थी। बाद में मुख्य अतिथि जिला परियोजना समन्वय अधिकारी शिव कुमार तंवर व विधायक बवानी खेड़ा के बड़े भाई मास्टर राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्गीय ठाकुर तेजपाल सिंह के पुत्र विनोद पींकू व सीआईडी निरीक्षक सुनील द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुनीता यादव ने की व मंच का सफल संचालन प्रवक्ता विकाश शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर चेयरमैन सीताराम, सरपंच सुरेंद्र दहिया, विनीत तंवर, दिनेश तिगड़ाना, मनोज मंजीता, मोनू, मास्टर मुकेश, नवीन ठेकेदार, अनिल हालवासिया, सज्जन कुमार प्रवक्ता, सुरेंद्र पंच, बंसीलाल जेबीटी, प्राइमरी मुखिया विकास तंवर, सुशीला डीपी, ममता देवी, सुदेश, एसडीओ दत्तात्रेय, जेई सुशील कुमार, मेघा, सुनीता, हरमति देवी आदि मौजूद थे।





**भिवानी।** प्रतियोगिता में टीमों से सवाल पूछते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

**स्व.तेजपाल सिंह के योगदान को किया याद**

जिला परियोजना समन्वय अधिकारी शिव कुमार तंवर ने स्व. ठाकुर तेजपाल सिंह के जीवन और उनके समाज सेवा के योगदान को याद करते हुए कहा कि अपने पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कारों के मार्ग पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि स्व. तेजपाल सिंह भी इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। वे कहा करते थे कि आज का विद्यार्थी कल का देश का भविष्य है।

**बड़े नेता पर गंभीर आरोप**

# नाबालिग से छेड़खानी और अपहरण का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

एक नाबालिग लड़की के साथ एक अधेड़ द्वारा छेड़खानी करने व उसके साथियों द्वारा अपहरण करने के प्रयास के गंभीर आरोप लगे हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोस्को व एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया कि 15-20 दिन पहले पीड़ित नाबालिग बस स्टैंड पर बहल जाने के लिए खड़ी थी। इसी दौरान गांव के बस स्टैंड पर आरोपी ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी में जबरदस्ती कर छेड़खानी व गलत हरकतें की तथा विरोध करने पर खुद को बड़ा नेता बताया।

8 दिसंबर की रात फिर वही इनेवा गाड़ी नाबालिग के घर पर आई। गाड़ी सवार तीन अज्ञात युवकों ने नाबालिग लड़की को कहा कि नेता ने बुलाया है। इतना कहकर लड़की को ये युवक जबरन गाड़ी में बैठाने लगे। लड़की ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो ये युवक गाड़ी लेकर भाग गए। इसके बाद नाबालिग लड़की ने अपने पिता को पूरी घटना बताई। जिसके बाद बहल थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### विवाह का कार्ड डाउनलोड करते ही खाते से कटे 41 हजार रुपये

**बाढड़ा।** गांव अटेला खुर्द निवासी खनन ठेकेदार को अपने व्हाट्सएप पर एक विवाह कार्ड का डाउनलोड करना महंगा पड़ गया। पीड़ित ने जैसे ही निमंत्रण पत्र का आवेदन खोला तो उसके बैंक खाते से 41 हजार की राशि गायब हो गई। पीड़ित ने निजी बैंक के साइबर शाखा को सूचित कर जांच शुरू करवा दी है। गांव अटेला खुर्द निवासी महेश सांगवान ने दी शिकायत में बताया कि गुरुवार दोपहर अचानक ही उसके मोबाइल नंबर पर एक परिचित व्यक्ति के नंबर से एक वैवाहिक कार्ड आया, जिस पर उसने उसको खोलने के लिए डाउनलोड किया। इसके बाद अचानक ही उसके खाते से पैसे में कटौती का मैसेज आया।

### भिवानी की तीनों सिटी सब डिविजन के कर्मचारियों ने दो घंटे तक जताया विरोध

# एचएसईबी वर्कर यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में किया प्रदर्शन

आरोप-मैनेजमेंट और सरकार ने जो ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की है वह कर्मचारी हित में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पूरे प्रदेश में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में एचएसईबी वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ केन्द्रीय वार्ता समिति के आहवान पर 12 से 16 दिसंबर तक चल रहे आंदोलन के अंतगर्त भिवानी की तीनों सिटी सब डिविजन, सिटी सब डिविजन नंबर एक व सिटी सब डिविजन नंबर दो के कर्मचारियों द्वारा दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सिटी सब डिविजन के प्रधान परमानंद यूडीसी ने की तथा संचालन सिटी यूनिट सचिव अशोक बेनिवाल ने किया। विशेष तौर पर उपस्थित एचएसईबी के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम मैनेजमेंट व सरकार ने जो ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की है वह कर्मचारी हित में नहीं है। इसमें बहुत सी खामिया हैं। निगम मैनेजमेंट इसको तुरंत प्रभाव से रद्द करे। क्योंकि पूरे प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की भारी कमी है। जिससे दुर्घटनाए घटने की घटनाएं बढ़ जाएंगी जिससे आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले भी जो ट्रांसफर पॉलिसी लागू की गई थी उसमें अधिकारियों द्वारा अपने चहेतों की सीटें ब्लॉक करने का कार्य किया गया था। आने वाले समय में चाहे डिवीजन लेवल पर, सर्कल लेवल पर प्रदर्शन किए जाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान मोंटी कथूरिया, रमेश यादव, अनिल कादमा, पवन धनाना, सुरेन्द्र एफएम, सुदर्शन यादव, श्रवण, विनोद, विकास सांगवान, जयबीर यादव, सुनील चहल, संदीप शर्मा, नरेश पंघाल, पवन जेई, लालचंद जेई, अजय जेई, सुनील सीए, विनय सांगवान, राकेश, विनोद, पूजा लाइनमैन, पूजा एएलएम, बाला देवी, शक्ति हुड्डा, दीनेश, अजय पंघाल, कपिल एएफमएम, अजय पंघाल, मनप्रीत सिंह, जोगेंद्र एएफएम, रमेश चांग, राजेश सुमरा खेड़ा, सुधीर एएफएम समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।



भिवानी। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।



बाढड़ा। मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी।

## बाढड़ा: बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**बाढड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली विभाग में आनलाईन तबादला पालिसी के खिलाफ कर्मचारी लामबंद होने लगे हैं। हरियाणा इले1ट्रिक बोर्ड संगठन ने हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर के नीचे दो घंटे की हड़ताल कर जुई रोड़ स्थित उपमंडल बिजली कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपमंडल बिजली कार्यालय में सब यूनिट अध्यक्ष अरविंद छिल्लर की अध्यक्षता व मंच संचालन रमेश कुमार की अध्यक्षता में संचालित धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर बताया कि सरकार बार बार तबादला नीति में बदलाव कर कर्मियों का शोषण कर रही है जो न्यायसंगत नहीं है। एक तरफ तो बिजली विभाग में वेतन विसंगति से लेकर कर्मचारियों की कमी से पहले ही काम का दबाव झेल रहे हैं लेकिन ऊपर से बार बार तबादला कर उनको बेवजह परेशान किया जा रहा है। आज बाढड़ा उपमंडल कार्यालय में उपकरणों की कमी के कारण कर्मचारी हर समय मौत के साए में काम करने को मजबूर हैं वहीं सरकार नए उपकरण या अन्य सुविधा देने से पूरी तरह कंजूसी बरत रही है।

## तोशाम में बिजली निगम कर्मचारियों ने जताया रोष

**तोशाम।** शुक्रवार को केंद्रीय परिषद के आह्वान पर एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की तोशाम सबडिवीजन नंबर एक व तोशाम सबडिवीजन नंबर दो की संयुक्त इकाई द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में 2 घंटे का रोषपूर्ण प्रदर्शन तोशाम के सब डिवीजन कार्यालय परिसर में किया गया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सब डिवीजन प्रधान मुनीष व संजय कुमार द्वारा की गई। इस दौरान मंच संचालन संयुक्त रूप से सब डिवीजन सचिव रामवीर व संदीप ने किया। इस मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सिटी यूनिट सचिव राजकुमार जटासरा ने हरियाणा सरकार की ऑनलाइन पॉलिसी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने मांग की की बिजली बोर्ड को इस ऑनलाइन पॉलिसी से बाहर रखा जाए और कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाए। इस मौके पर राजेंद्र, बिल्लू, कृष्ण, वीरेंद्र, पवन कुमार, जगजीवन, वीरेंद्र, रामवीर, सोमपाल, दीपक गोयल, रामपाल संडवा, अनिल कुमार, वजीर सिंह, विकास, भूपेंद्र, महेंद्रपाल, वीरेंद्र आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### डॉक्टरों ने दिया जीवन रक्षक प्रशिक्षण

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के वरिष्ठ विभाग की प्रार्थना सभा में जे.बी. गुप्ता अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा जीवन रक्षक प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा संबंधी आवश्यक कौशल से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. एलबी. गुप्ता (एमबीबीएस., एमडी मेडिसिन), डॉ. मनदीप (एमबीबीएस, एमडी, डीएमट्रॉमा एंड क्रिटिकल केयर), डॉ. उदित आनंद गुप्ता, डॉ. रिचा अरोड़ा (एमबीबीएस, एमडी एनेस्थीसिया) तथा डॉ. संदीप राठौर (डी.एन.बी. मेडिसिन) की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. एलबी. गुप्ता एवं डॉ. मनदीप की टीम ने शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को बेहोश व्यक्ति की जान बचाने से संबंधित जीवन रक्षक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ, वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार, संगीताचार्य गोविंद प्रताप मिश्रा, सूरजभान लांबा, पुनीत पुरूथी, राजेश मोदी, सव्य सचिन भारद्वाज, खेल प्रशिक्षक कपिल शर्मा, आचार्या गरिमा शर्मा, काउंसलर ममता शर्मा, मोनिका मेहता, सारिका अरोड़ा, सुमन तंवर, कविता तंवर, रितु शर्मा, अनीता, सुमन रानी, कुमारी किरण, रितु शर्मा, पूनम तंवर, ज्योति, नीलम एवं किरण मखीजा आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### जागरुकता ही बचाव का बड़ा हथियार : संदीप

**भिवानी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों का कानूनी अधिकार है। इसी अधिकार को सशक्त बनाने और कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से भिवानी जिले की ग्राम पंचायत धनाना प्रथम व धनाना-तृतीय में सोशल ऑडिट की ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तहत हुए विकास कार्यों का गहन सोशल ऑडिट किया गया। यह पूरा सोशल ऑडिट अभियान सोशल ऑडिट यूनिट चंडीगढ़ की निदेशक जसप्रीत कौर के दिशानिर्देशों के तहत आयोजित किया गया। बैठक में ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों को उनके हकों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) पिंकी और विलेज रिसोर्स पर्सन (वीआरपी) संदीप कुमार ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि जागरुकता ही शोषण से बचने का सबसे बड़ा हथियार है। ग्राम सभा की अध्यक्षता के लिए सर्वसम्मति से हरिकिशन को प्रधान चुना गया। इस दौरान धनाना प्रथम की सरपंच ममता व धनाना तृतीय के सरपंच राजेश ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए मौके पर मौजूद मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

### योग के प्रति किया जागरूक

**बाढडा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर जेवली में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास के मार्गदर्शन में वाई ब्रेक अभियान के तहत योगा इंस्ट्र1टर कुमारी मोनिका ने योग करवाते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक भी किया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार आयुष विभाग व योग विभाग हरियाणा के तत्वावधान में चल रहा है। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास ने बताया कि यह योग ब्रेक प्रोटोकॉल एक छोटे समय का योग सत्र है। यह पांच मिनट का योग प्रोटोकॉल है। डॉ चांदवास ने बताया कि योग करने से तन व मन को शांति मिलती है। मनुष्य का शारीरिक व मानसिक तनाव कम होता है। शरीर की अकडन दूर होती है और उसकी दैनिक कार्यों के प्रति एकाग्रता भी बढ़ती है। मन खुश रहता है,पाचन तंत्र भी सही रहता है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र चांदवास ने समस्त कर्मचारियों व आमजन से आग्रह किया है कि वो वाई ब्रेक योग प्रोटोकॉल को अपने दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बनाएं ताकि स्वस्थ रह सके। इस अवसर पर कुमारी मोनिका, मुन्नी देवी व अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



### राजपूत समाज के लिए मांगी लोस व राज्यसभा सीट

**भिवानी।** राजपूत समाज के लिए मांगी लोकसभा व राज्यसभा सीट हरियाणा प्रदेश में राज्यसभा व लोकसभा में राजपूत समाज के सदस्य को प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर राजपूत सभा के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला व उनके माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर कर रहे थे। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में संदीप तंवर ने कहा कि 1 नवंबर 1966 को पंजाब से अलग होकर हरियाणा प्रदेश का गठन हुआ था। गठन के 59 वर्षों के इस सफर में प्रदेश ने काफी उन्नति की है और समय समय और लगातार प्रदेश के सभी वर्गों को लोकसभा व राज्यसभा में उचित प्रतिनिधित्व मिला है। परन्तु बड़ी विडंबना रही है कि इस 59 वर्षों के सफर में किसी भी सरकार व राजनेताओं का ध्यान इस तरफ नहीं गया कि राजपूत समाज को भी राज्यसभा व लोकसभा में प्रतिनिधित्व मिले।

### मांगों को लेकर कर्मचारियों की बैठक आयोजित

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग कोर कमेटी की बैठक स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान दीपक तंवर की अध्यक्षता में सामान्य अस्पताल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष कर्मबीर ने किया। बैठक में विभिन्न विषयों पर गहनता से चर्चा की और फैसला लिया कि जिन कर्मचारियों की 2 महीने से सैलरी नहीं आई हुई तथा जिनके पोर्टल पर नाम शो नहीं हो रहे। झूठे आश्वासनों के सिवा आज तक किसी भी बात का समाधान नहीं मिला। जिसके कारण कर्मचारी एवं उन पर आश्रित परिवार भूखे मरने की कगार पर आ गया है और जिला प्रशासन आंखें बंद करके बैठा हुआ है। बैठक में सर्व सहमति से फैसला लिया गया है कि अगर जल्द से जल्द सभी कर्मचारियों के पोर्टल पर नाम शो नहीं होते एवं बकाया वेतन का भुगतान शीघ्र नहीं किया जाता तो आने वाले समय में यूनियन बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

## किसान खेत मजदूर संगठन ने गांव दुल्हेड़ी में दिया धरना



तोशाम। मांगों को लेकर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता तथा ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के अध्यक्ष कॉमरेड सत्यवान और अन्य किसान नेताओं पर हुए हमले, अपहरण और पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के विरोध में शुक्रवार को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने तोशाम क्षेत्र के गांव दुल्हेड़ी में सांकेतिक धरना देकर विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर कारपोरेट हितैषी और किसान मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगा जोरदार नारे लगाए। इस मौके पर जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने बताया कि यह शर्मनाक घटना 9 दिसंबर को उस समय हुई जब कॉमरेड सत्यवान और अन्य साथी ओडिशा के जमुनापोसी गांव, क्योंझर जिला से लौट रहे थे। यहां उन्होंने जिंदल पोस्को प्रतिरोध मंच के बैनर तले संघर्ष कर रहे ग्रामीणों की एक आमसभा को संबोधित किया था। ग्रामीण अपनी उपजाऊ कृषि भूमि को पोस्को और जिंदल द्वारा जबरन छीने जाने से बचाने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है,रोजगार हैं नहीं। ऐसे हालात में किसान थोड़ी सी जमीन पर खेती करके अपने परिवार का पेट भर रहे हैं।

## दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए।

जिला स्तरीय महाराजा शूरसैनी जयंती 20 दिसंबर को सैनी नगर, रविदास मंदिर रोड पर धूमधाम से मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में श्री सैनी धर्मशाला धर्मार्थ ट्रस्ट एवं नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। कार्यक्रमों की शुरुआत कोंट रोड मिनी बाईपास, काली माता मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में पौधरोपण अभियान के साथ की गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी व संस्था के पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला ने कहा कि पेड़ पृथ्वी का आधार हैं और किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत पौधरोपण से करना आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारा कर्तव्य है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। संतों की जयंती केवल मनाएं नहीं, बल्कि एक पेड़ लगाकर उनके आदर्शों को धरती पर रोपित करें। पेड़ लगाना ही संतों के संदेश परमार्थ, करुणा और कल्याण को व्यावहारिक रूप से जीना है। संत-महापुरुषों की स्मृति में हर वर्ष एक पेड़ लगाकर उनकी शिक्षाओं को पीढ़ियों तक जीवंत रखें। उन्होंने बताया कि उनके बताए मार्ग पर चलते हुए पेड़ लगाना समाज और प्रकृति के प्रति हमारी सच्ची निष्ठा है। नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने आगामी सात दिनों में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं जन-जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर शनिवार को रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट आश्रम, ढाना लाडनपुर में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सत्संग कार्यक्रम आयोजित होगा।

## फतेहगढ़ के मनीष कुमार बने लेफ्टिनेंट

**चरखी दादरी।** गांव फतेहगढ़ निवासी मनीष कुमार को 12 दिसंबर को भारत सरकार द्वारा भारतीय सेना में कप्तान के पद पर पदोन्नत किया गया है। सेना चिकित्सा कोर में अपनी सेवाएं दे रहे कैप्टन मनीष कुमार वर्तमान में जैसलमेर में तैनात हैं। पदोन्नति समारोह के दौरान आयोजित पीपिंग सेरेमनी में उनकी पत्नी शिल्पा एवं लेफ्टिनेंट कर्नल भारतमणि चौधरी ने उन्हें नए रैंक बैज पहनाकर सम्मानित किया। यह पल उनके परिवार तथा पूरे गांव के लिए गर्व और भावनाओं से भरा हुआ रहा। मुख्य रूप से यह पल उनके पिता कृष्ण कुमार के लिए विशेष सम्मान का पल है, जो स्वयं सेना में बतौर सैनिक 30 वर्षों की सेवा करने के बाद सेवानिवृत हुए हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि मनीष कुमार ने अपने सैन्य करियर की शुरुआत बतौर सैनिक की थी। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने एसएसबी का साक्षात्कार पास करते हुए अफसर रैंक तक पहुंचने की उपलब्धि हासिल की। वह अपने गांव के ऐसे इकलौते उदाहरण बने हैं जिन्होंने सैनिक से अधिकारी तक का प्रेरणादायक सफर तय किया है। उनकी यह उपलब्धि युवा पीढ़ी को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने वाला एक मजबूत संदेश है।

## होटलों में की जांच, पुलिस रही मुस्तैद

**बाढडा।** बोंद थाना क्षेत्र से गायब महिला के सुराग के लिए पुलिस ने कस्बे के सभी होटलों की जांच की तथा रिकार्ड का मिलान किया लेकिन शाम तक कोई सफलता नहीं मिल पाई। जानकारी के अनुसार बोंद पुलिस क्षेत्र से एक महिला के गायब होने की जांच में उसके मोबाइल की लोकेशन बाढड़ा के मुख्य क्रांतिकारी चौक के आसपास मिली। शुक्रवार दोपहर को कस्बे में पहुंची बोंद पुलिस टीम में आधा दर्जन महिला व पुरुष पुलिस कर्मी थे जिन्होंने कस्बे के जुई, दादरी रोड स्थित दर्जन भर होटलों के उपस्थिति रजिस्टर व अन्य जांच की। इस दौरान कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। दूसरे पुलिस स्टेशन से टीम के छापेमारी की जानकारी मिलते ही होटल संचालकों में हड़कंप मच गया।

## पंजाबी जागृति मंच ने बांटे स्वेटर व जुराब

- स्कूलों में गरीब बच्चों की फीस तथा जरूरतमंदों को फ्री राशन देते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। जरूरतमंदों में स्वेटर व किताबें वितरित करते हुए।

पंजाबी जागृति मंच द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए हनुमान ढाणी स्थित राजकीय प्राईमरी स्कूल में 100 बच्चों को स्वेटर व जुराब वितरीत की। पंजाबी जागृति मंच के प्रधान दर्शन कुमार मिड्ढा ने कहा कि मंच द्वारा हर साल जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब व किताबें बांटता रहता है। उन्होंने बताया कि मंच की तरफ से अनेक स्कूलों में गरीब बच्चों की फीस तथा जरूरतमंदों का फ्री राशन भी दिया जाता है। मंच की रिश्तों की फ्री सर्विस कृष्णा कालोनी कार्यालय में चलाई जा रही है। इस अवसर पर बाल योगी महंत चरण दास ने पंजाबी जागृति मंच के इस कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जगननाथ गंभीर, विनोद गाबा, घनश्याम सनेजा, ओमप्रकाश सुखीजा, राधाकृष्ण चावला, कृष्ण कुमार हंस, नरेन्द्र दीवान एडवोकेट, भारत भूषण महता, मदन लाल कामरा, विजय कथूरिया, सोहन लाल सचदेवा, पुनीत महता, ओमप्रकाश दुरेजा, संजीव खुराना व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## पंडित लख्मीचंद को भारत रत्न दिए जाने की उठाई मांग: हनुमान

- संगठन ने सभी लोकसभा सांसदों, राज्यसभा सदस्यों, पीएम, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद को भारत रत्न प्रदान किए जाने, उनके नाम से अनुसंधान केंद्र एवं सांस्कृतिक संग्रहालय स्थापित किए जाने की मांग लोकसभा में सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा उठाए जाने पर म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक व अन्य संस्कृति प्रेमियों ने आभार जताया। हनुमान कौशिक ने बताया कि उपरोक्त मांगों को लेकर संगठन ने सभी लोकसभा सांसदों, राज्यसभा सदस्यों, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति व राष्ट्रपति को पत्र लिखा जा चुका है। उन्होंने केंद्र सरकार व राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद को भारत रत्न प्रदान करने से पूरे देश में कवियों का मान-सम्मान बढ़ेगा। वे एक मात्र ऐसे दार्शनिक, आध्यात्मिक व पौराणिक और सामाजिक लेखनी के धनी थे। जिनकी रचनाओं को लाखों की तादाद में लोग पसंद करते हैं। उनकी रचनाओं से आज लाखों कलाकारों के परिवारों का भरण पोषण हो रहा है। हनुमान कौशिक ने कहा कि आगामी 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक लख्मीचंद आश्रम उमरावत में पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू, 14 को होगा भव्य समापन समारोह

# सेरला में सजा खेल और शिक्षा का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। दीप प्रज्जवलित करके खेलकूद प्रतियोगिता शुरू करवाते हुए।

गांव सेरला में शुक्रवार का दिन युवाओं के जोश और खेल भावना के नाम रहा। सेवाभाव सोशल वेलफेयर समिति के तत्वावधान में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ अत्यंत उत्साहपूर्ण और सजीव माहौल में किया गया। समिति ने खेल के साथ-साथ शिक्षा को भी इस आयोजन का मुख्य केंद्र बनाकर ग्रामीण परिवेश में एक नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए क्षेत्र की तीन प्रमुख हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जिसमें सुनील सांगवान सिरसी मंडल अध्यक्ष भाजपा, डा. विजेंद्र कस्वां जिला महासचिव और सुशील केडिया पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन शामिल रहे। अतिथियों ने फीता काटकर और खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने समिति की सराहना करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि ग्राम स्तर पर खेल और शिक्षा को एक साथ बढ़ावा देना युवाओं के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। सेवाभाव समिति की यह पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि यह गांव के युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर उन्नति की राह पर ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उद्घाटन के बाद वॉलीबॉल के मैच शुरू हुए, जो बेहद रोमांचक रहे। खिलाडियों ने अपनी टीम भावना और शानदार स्मैश व डिफेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा खेल मैदान दर्शकों की तालियों और उत्साह से गूंजता रहा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मास्टर विनोद जांगड़ा, नरेश सोनी, विकास पुनिया, विनोद खारसू, रामचंद्र फौजी, चांदराम खारसू सतबीर जांगड़ा ने बताया कि सेवाभाव सोशल वेलफेयर समिति का उद्देश्य केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि बौद्धिक विकास भी है। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय महोत्सव का समापन 14 दिसंबर को एक भव्य समारोह के साथ होगा। इस दिन वॉलीबॉल और शिक्षा प्रतियोगिता दोनों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से समापन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक मनाएंगे : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

- सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी

एसडीएम रवि मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक मनाया जाएगा। जिसके तहत शासन और प्रशासन मिलकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते है, जिसमें 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत ग्रामीण विकास पर विशेष जोर देगा। हरियाणा का सुशासन सप्ताह 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें प्रशासन को जनता के करीब लाकर, प्रक्रियाओं को सरल बनाकर और कर्मचारियों को प्रेरित करके शासन में सुधार किया जाता है। वहीं सीएम विंडो, सेवा का अधिकार, और अंत्योदय परिवार उत्थान योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को सीधा लाभ पहुंचाना जाता है और उत्कृष्ट कर्मचारियों को सुशासन पुरस्कार देकर सम्मानित करना शामिल है। ताकि पारदर्शिता, दक्षता और नवाचार को बढ़ावा मिलता है।


गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
सैक्स समस्याएं ऑनलाइन सलाह लें - 9728321662
ताकत का कोर्स लें Rs.750/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिलें (9 am to 7 pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
YouTube/Facebook पर देखें/फॉलो करें-जुनेजा क्लीनिक भिवानी